कार्यक्रम

### हिंदी दिवस पर जेएस हिन्दू डिग्री कॉलेज में हुई संगोष्ठी

# हिंदी भाषा में अनेकता में एकता स्थापित करने की असीमित शक्ति: प्राचार्य

**खास बात**

**हिंदी देश की आत्मा : डॉ0 बीना रुस्तगी**

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

अमरोहा। हिंदी दिवस के अवसर पर जेएस हिंदू पीजी कॉलेज अमरोहा में हिंदी भाषा एवं साहित्य वर्तमान परिदृश्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 वीर वीरेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। छात्रा जिया सैफ ने सरस्वती वंदना का गायन किया।












बुधवार को संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ0 वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि हिंदी भाषा में अनेकता में एकता स्थापित करने की असीमित शक्ति है। यह राष्ट्र की सभी भाषाओं में सामंजस्य स्थापित करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भविष्य में भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हो रही है।

हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ0 बीना रुस्तगी ने कहा कि मैं उस दिन की प्रतीक्षा में हूं। जब विश्व में हमारी पहचान हिंदी भाषा से होगी। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की आत्मा है। इसके अस्तित्व की सतत रक्षा के लिए इसे व्यवहार में लाना आवश्यक है। महाविद्यालय के मुख्य अनुशासक डॉ0 नवनीत विश्नोई ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। इसी में हम अपने जीवन स्वप्न देखते है। डॉ0 पप्पू सिंह ने कहा कि हिंदी व्यापक भाषा है विश्व में सर्वाधिक समाचार पत्र इसी भाषा में प्रकाशित होते है। अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ0 नीरज त्यागी ने कहा कि भाषाओं में स्वतः सामंजस्य की शक्ति होती है। हमें किसी भी भाषा की आलोचना की अपेक्षा अपनी भाषा के प्रचार-प्रसार का कार्य करना चाहिए।

इसी क्रम में डॉ0 अरविंद त्यागी, डॉ0 रणवीर सिंह, डॉ0 विनोद कुमार राम, डॉ0 मोहम्मद जावेद, डॉ0 राजीव कुमार ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सविता एवं डॉ ऋतुराज यादव ने किया। इस दौरान डॉ0 संगीता भाषा, डॉ0 मुकेश सिंह, डॉ0 अरविंद, डॉ0 मोहम्मद तारिक, डॉ0 गीतांजलि, डॉ0 सबीना नकवी, डॉ0 नीरज चौहान, डॉ0 नगेंद्र मौर्य, डॉ0 ज्ञानेश कुमार वर्मा, डॉ0 अनुराग पांडे, मोहित कुमार अग्रवाल, विद्यार्थियों में कोमल, दीपिका, राहुल राणा, शोएब, इकरा, विपिन ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

# जिलेभर में धूमधाम से मना हिन्दी दिवस

## आयोजन

अमरोहा, संवाददाता। जिलेभर में हिन्दी दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। स्कूल-कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। वक्ताओं ने मौजूदा परिदृश्य में हिन्दी की महत्ता पर अपने विचार रखे। सभी दैनिक जीवन में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

**इनरव्हील क्लब ऑफ अमरोहा स्पार्कल** ने हिन्दी दिवस पर शर्मा देवी इंटर कॉलेज में दो बोर्ड लगवाए। प्रधानाचार्य चारू शर्मा व शिक्षिका ममता अग्रवाल ने आभार जताया। हिन्दी भाषा की महत्ता पर विचार रखे। क्लब पदाधिकारियों ने कविता प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डा.हर्षिता गुप्ता ने छात्राओं गुड टच और बैड टच की जानकारी दी। क्लब अध्यक्षा प्रियंका अग्रवाल व सचिव योगेश मालीवाल ने हिन्दी भाषा के प्रयोग पर बल दिया। इस दौरान शिक्षिका जकिया खातून, शालिनी समेत रुचि गुरदिता, शालिनी माहेश्वरी, सूची मालीवाल, पूजा गोयल, नैना अग्रवाल आदि क्लब पदाधिकारी मौजूद रहीं।

**हाशमी गर्ल्स पीजी कालेज में** कार्यक्रम आयोजित किया गया। कालेज प्रबंधक डा.सिराजउद्दीन हाशमी ने विचार रखे। मेधावी छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान प्राचार्या डा.रिजवाना कुलसुम, डा.नीलम रस्तौगी, विनय कुमार व कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

**जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज** में हिन्दी भाषा एवं साहित्य वर्तमान परिदृश्य विषयक गोष्ठी आयोजित की गई। प्राचार्य डा.वीर वीरेंद्र सिंह ने हिन्दी भाषा की महत्ता पर विचार रखे। हिन्दी विभागाध्यक्षा डॉ.बीना रूस्तगी ने भी विचार रखे। इस दौरान मुख्य अनुशासक डा.नवनीत विश्नोई, डा.बबलू सिंह, अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डा.नीरज त्यागी, डा.अरविंद शास्त्री, डा.रणदेव सिंह, डा.विशेष कुमार राय, डा.मोहम्मद जावेद, डा.राजीव कुमार आदि ने भी विचार रखे। संचालन डा.सविता व डा.ऋतुराज यादव ने संयुक्त रूप से किया। राशिदा **बेगम मुस्लिम महाविद्यालय** में हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को हिन्दी भाषा की उपयोगिता की जानकारी दी गई। प्रबंधक नासिर हसन, प्राचार्य डा.धर्मेंद्र सिंह आदि स्टाफ मौजूद रहा।

**घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर कैलसा** में छात्र-छात्राओं ने काव्य पाठ किया। निबंध लेखन, चित्र कला प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्या डा.अर्चना शर्मा ने उत्साहवर्धन किया।



शर्मा देवी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में मौजूद इनरव्हील क्लब पदाधिकारी।



हिन्दी दिवस पर बुधवार को नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज में शिक्षकों को सम्मानित करते लायंस क्लब पदाधिकारी।

# हिंदी भाषा में अनेकता में एकता स्थापित करने की असीमित शक्ति

## हिंदी दिवस पर शहर में जगह-जगह कार्यक्रमों और गोष्ठियों का आयोजन किया गया, हिंदी भाषा की दी गई जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**अमरोहा।** हिंदी दिवस के मौके पर जनपद की शैक्षणिक संस्थाओं में जगह-जगह कार्यक्रम, गोष्ठियां आयोजित की गईं। जिनमें हिंदी के अधिक के अधिक प्रयोग पर जोर दिया गया।

बुधवार को हिंदी दिवस के अवसर पर जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में ''हिंदी भाषा एवं साहित्य वर्तमान परिदृश्य'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ वीर वीरेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया।

प्राचार्य डॉ.वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि हिंदी भाषा में अनेकता में एकता स्थापित करने की असीमित शक्ति है। यह राष्ट्र की सभी भाषाओं में सामंजस्य स्थापित करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भविष्य में भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हो रही है। हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्षा डॉ.बीना रूस्तगी ने कहा कि मैं उस दिन की प्रतीक्षा में हूं जब विश्व में हमारी

### हिंदी के अधिक के अधिक प्रयोग पर दिया गया जोर

पहचान हिंदी भाषा से होगी। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की आत्मा है इसके अस्तित्व की सतत रक्षा के लिए इसे व्यवहार में लाना आवश्यक है।

इस दौरान मुख्य अनुशासक डॉ.नवनीत विश्नोई, डॉ.बबलू सिंह, डॉ.नीरज त्यागी, डॉ.अरविंद शास्त्री, डॉ.रणदेव सिंह, डॉ.विशेष कुमार राय, डॉ.मोहम्मद जावेद, डॉ.राजीव, डॉ.सविता, डॉ.ऋतुराज यादव, डॉ.संगीता धामा, डॉ.मुकेश सिंह, डॉ.अरविंद, डॉ.मोहम्मद तारीक, डॉ.गीतांजलि, डॉ.सबीना लकी, डॉ.नीरज चौहान, डॉ.नागेंद्र मौर्य, डॉ.ज्ञानेश कुमार वर्मा, डॉ.अनुराग पांडे, गीतेश कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज में हिन्दी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अनुशासक डॉ.महताब अमरोहवी ने कहा कि हिन्दी विश्व की एक मात्र भाषा है जिसके 10 लाख करोड़ पृष्ठ पर गूगल पर उपलब्ध है, जो बहुत ही गर्व की बात है। इस दौरान हिन्दी प्रवक्ता अर्चना शर्मा, डॉ.खिजर हयात, डॉ.एम अथर कमाल, डॉ.मुबारक अली इज्जत अली, दुर्दाना अकरम फारूकी, डॉ.निकहत नकवी, डॉ.नसीम अहमद, डॉ.महताब आलम, रेशमा जैदी, डॉ.फरहा सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। हाशमी गर्ल्स पीजी कॉलेज में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन व कॉलेज प्रबंधक डॉ.सिराज उद्दीन हाशमी ने कहा कि बच्चों के विकास के लिये उन्हें अपनी मातृभाषा में ही पढ़ाना चाहिए। हिन्दी को बढ़ावा तभी मिल सकता है जबकि तकनीकी कोर्स में हिन्दी को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाए। इस दौरान प्राचार्या डॉ.रिजवाना कुलसुम, डॉ.नीलम रस्तोगी, विनय कुमार व कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

एएसएम पब्लिक स्कूल जगुआ में हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य चारु वार्ष्णेय, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मन्दिर में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्र कला प्रतियोगिता व काव्यपाठ प्रतियोगिता आदि का आयोजन हुआ।

इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ.अर्चना शर्मा, उपप्रधानाचार्य दिनेश प्रभाकर आदि मौजूद रहे। हिंदी दिवस के अवसर पर बज्मे अदब के सौजन्य से एक सेमिनार मेहरबान अमरोहवी के आवास मोहल्ला हक्कानी में आयोजित हुआ। इस दौरान पूर्व सभासद जुबैर अहमद सैफी, शोबान कादरी, अनीस अमरोहवी, शाह फजल, अमित चहल, नाजिश मुस्तफा, नदीम अहमद, इकरार सैफी, शाह फजल, जहीर अहमद, हरवीर सिंह, कासिम अंसारी, मोहम्मद अरशद आदि मौजूद रहे।

# हिंदी में एकता की असीमित शक्ति : डा वीर

## बुधवार को जिले भर के स्कूल-कालेजों में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

**हिंदी हैं हम**

**जागरण संवाददाता, अमरोहा:** हिंदी दिवस के अवसर पर जिले भर के स्कूल कालेजों समेत अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यक्रम आयोजित कर हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्रतियोगिता के जरिए लोगों को हिंदी में कार्य करने को प्रेरित किया।

बुधवार को जेएस हिंदू पीजी कालेज में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी भाषा एवं साहित्य वर्तमान परिदृश्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा वीर वीरेंद्र सिंह ने किया। प्राचार्य ने कहा कि हिंदी भाषा में अनेकता में एकता स्थापित करने की असीमित शक्ति है, यह राष्ट्र की सभी भाषाओं में सामंजस्य स्थापित करके अंतर राष्ट्रीय स्तर पर भविष्य में भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हो रही है। हिंदी विभाग की प्रमुख डा वीना रुस्तगी ने कहा कि मैं उस दिन की प्रतीक्षा में हूं, जब विश्व में हमारी पहचान हिंदी भाषा से होगी। श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय एवं एसआरएस इंटर नेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन डा.सुधीर गिरी ने कहा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा ही नहीं बल्कि हमारी मातृ भाषा है। जीएमएस इंस्टीट्यूशन में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ.हरीश कुमार ने कहा कि हिंदी भाषा की उन्नति के लिए 1953 से प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। श्रीगुरु रामराय पब्लिक स्कूल में बच्चों ने निबंध तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में अपने विचार प्रस्तुत किये। एएसएम पब्लिक स्कूल जगुआ खुर्द में बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता के जरिए लोगों को हिंदी के बारे में संदेश दिया। घनश्यामदास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों ने काव्य पाठ की प्रस्तुति देकर समां बांधा। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक तुषार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य मनोज गोयल ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है इसका सभी को सम्मान करना चाहिए। नायाब अब्बासी गर्ल्स डिग्री कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिव लाल गांधी मौमोरियल कमेटी के अध्यक्ष सुभाष गांधी ने नगर के कई मोहल्लों में पोस्टर चस्पा कर लोगों को संदेश दिया कि हिंदी में कार्य कीजिये। जीपीएस एकेडमी में निबंध, क्विज, भाषण तथा वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय में प्राचार्य डा.धर्मेन्द्र सिंह ने हिंदी पर प्रकाश डाला इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा। उधर, जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृपाल सिंह यादव, पंकज कुमार, अमित कुमार जैन, डा.रविन्द्र शुक्ला, बीपी माथुर, मनु शर्मा, शैलेंद्र कुमार शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, आदिश सैफी, मोहम्मद हसन उपस्थित रहे।



अमरोहा के लिटिल स्कालर्स एकेडमी की छात्रा कृति सौम्या को सम्मानित करते प्रबंधक गिरीश बंसल • सौ. से स्वयं



गुरू राम राय पब्लिक स्कूल झनकपुरी में हिंदी दिवस पर बोलते शिक्षक • जागरण

### निबंध प्रतियोगिता में खुशी यादव ने मारी बाजी, शिक्षकों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

**संस, हसनपुर :** बुधवार को क्षेत्र के स्कूलों में हिंदी दिवस मनाया गया। एसएलजे पब्लिक स्कूल नालेज पार्क हाकमपुर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें खुशी यादव प्रथम, प्रियांशी द्वितीय तथा अर्पित तृतीय स्थान पर रहे। प्रबंधक संजय सिंह तथा प्रधानाचार्या शिवानी त्यागी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उधर चौधरी इंकवाल मैमोरियल इंटर कालेज ढक्का में भी हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। हिंदी विषय के प्रवक्ता योगेंद्र सिंह ने कहा कि हिंदी भाषा देश का गौरव है।

## करियर बनाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति जरूरी

**संस, गजरौला :** हिंदी दिवस पर शहर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और करियर काउंसलिंग के लिए वर्कशाप का आयोजन किया गया।

इसमें बच्चों को पढ़ाई करने के साथ-साथ अन्य जरूरी बातों के लिए भी जागरूक किया। बुधवार को आयोजित हुई वर्कशाप में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर राजीव त्यागी ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थी को दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्पित की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर पुनीत सिंह ने भी बच्चों को पढ़ाई के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए जागरूक किया।



गजरौला के एसआरएस इटरनेशनल स्कूल मे आयोजित वर्कशाप मे बच्चों से बात करते वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर राजीव त्यागी व अन्य • सौ. स्कूल

इस मौके पर प्रधानाचार्य डीके चतुर्वेदी, विद्यालय कोऑर्डिनेटर साक्षी सिंह, नंदिता भारद्वाज, स्वाति विश्नोई, गुप्ता त्यागी, विकास कौशिक आदि मौजूद रहे।


स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध – हिंदी विभाग
हिंदी दिवस : 14 सितम्बर
मानस भवन में आर्य जन जिसकी उतारें आरती।
भगवान भारत वर्ष में गूँजे हमारी भारती।।
हिंदी दिवस पर जन-जन का अभिनंदन
जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा


स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध - हिंदी विभाग
हिंदी दिवस : 14 सितम्बर
मानस भवन में आर्य जन जिसकी उतारें आरती।
भगवान भारत वर्ष में गूँजे हमारी भारती।।
हिंदी दिवस पर जन-जन का अभिनंदन
जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा
H. (P.G.) COLLEGE
AMROHA


स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध - हिंदी विभाग
हिंदी दिवस : 14 सितम्बर
मानस भवन में आर्य जन जिसकी उतारें आरती।
भगवान भारत वर्ष में गूँजे हमारी भारती।।
हिंदी दिवस पर जन-जन का अभिनंदन
जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा
S.H. (P.G.) COLLEGE
AMROHA


14 सितम्बर
गूँजे हमारी
हिंदी दिवस पर जन-जन
हिन्दू
अमरोहा


मानस भवन में
हिंदी दिवस
जगदीश सरन
S.H. (P.G.) COLLEGE
AMROHA


हिंदी विभाग।
सितम्बर
आरती।
भारती।।
अभिनंदन


हिंदी विभाग
सितम्बर
उतारें आरती।
री भारती।।
विद्यालय